पंजाब केसरी 08/02/2026

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की 'आइडियाथॉन : माइंड टू मार्कीट' में प्रथम रहे दिव्यांश और लक्ष्य

अम्बाला, 7 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमैंट विभाग द्वारा 'आइडियाथॉन : माइंड टू मार्कीट' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार की भावना, रचनात्मक सोच तथा वास्तविक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान विकसित करना था। इस आइडियाथॉन में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से 35 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अभिनव एवं मौलिक विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का निष्पक्ष एवं गहन मूल्यांकन डॉ. रवनीत कौर, डॉ. दिशा अरोड़ा तथा शिवानी सोनी द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में दिव्यांश और लक्ष्य (एम.सी.ए. प्रथम वर्ष) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, सुकृति और तन्वी (एम.बी.ए. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा ब्रिंदरजीत सिंह और आदर्श यादव (बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष – ए.आई.) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक एवं नवाचार आधारित गतिविधियां विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट विचारों के लिए बधाई दी।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित 'आइडियाथॉन : माइंड टू मार्कीट' में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)